अतिक्रमण : अंबाह में तोड़े पक्के निर्माण

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 28 नवंबर। कस्बा अंबाह में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगरपालिका सीएमओ शारिब कौसर के नेतृत्व में कार्रवाई पोरसा चौराहे से शुरू हुई। जो चुंगी नाके, उसेद रोड़ तक चली। इस दौरान

हाथठेले-गुमटियां हटाए

सड़क किनारे दोनों और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन से हटाया गया। कार्रवाई को देखकर कई लोगों ने अपना सामान हटाने का प्रयास किया, जबकि कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने पहले मिले नोटिस और चेतावनी के बावजूद जगह खाली नहीं की थी। तय समय सीमा में अतिक्रमण न हटने के बाद प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए जबरन अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराया।

दोपहर 12 बजे से सक्रिय हुई नगरपालिका की टीम ने शाम करीब 07 बजे तक सड़क किनारे फैली दुकानें, हाथठेले-खोमचे और रास्ते में बाधा बन रहे अस्थायी निर्माणों को हटाया। इस दौरान कई स्थानों से सामान जब्त भी किया गया। सीएमओ शारिब कौसर ने बताया कि उसैथ रोड पर लगातार जाम और अव्यवस्था की शिकायतें मिल रही थीं। अतिक्रमण के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहनों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इन्हीं शिकायतों के मद्देनजर यह अभियान शुरू किया गया।

नपाकर्मियों पर जप्त सामान बेचने का आरोप : नगर पालिका क्षेत्र में चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जो सामान जब्त किया जा रहा है, उसे बेचने का आरोप कांग्रेसी पार्षद मंजू मधुराज तोमर, जय राजौरिया, सुनील सखवार, ललिता अतेंद्र सखवार द्वारा लगाए गए है। उनके द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि यह कृत्य दंडनीय श्रेणी में आता है।

इस पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। आवेदन में उल्लेख है कि अतिक्रमण के दौरान जब्त सामग्री का न तो सही रिकॉर्ड रखा जा रहा है और न ही उसकी निगरानी की जा रही है। पार्षद जय राजौरिया ने यह भी कहा कि कुछ कर्मचारी पार्षदों या निजी प्रभाव के कारण एक ही वार्ड में निजी काम करते हैं, जिससे अन्य वार्डों का काम प्रभावित होता है।

नपा ने कब्रिस्तान की दीवार की पुताई कराई, गंदगी फैलाने पर 8500 रुपए वसूले

नगरपालिका ने कब्रिस्तान की दीवार के पास जमा गंदगी को हटाकर इलाके को साफ-सुथरा बनाया गया। वहीं अब इसके साथ ही कब्रिस्तान की दीवारों पर रंग-रोगन करवाकर क्षेत्र को नया स्वरूप देने का कार्य तेजी से जारी है। मुख्य मार्ग और फुटपाथ पर अवैध रूप से काउंटर लगाकर रास्ता रोकने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पंकज, नैतिक, विवेक और दीपक पर दो-दो हजार तथा रामू पर 500 रुपए का चालान लगाते हुए कुल 8 हजार 500 रुपए की वसूली की गई।

रोहितास-भारत ने गैंग बनाई, लूट के बाद गांव में छुपते थे

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 नवंबर। सुपरफास्ट ट्रेनों में महिलाओं के गले से सोने की चेन स्नेचिंग करने वाले उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले के मिर्जापुर गांव की जिस गैंग को

हाथरस के मिर्जापुर गांव के कई अन्य बदमाशों की पुलिस को है तलाश

जीआरपी पुलिस ने पकड़ा है, उसका मुखिया शातिर बदमाश रोहितास और भारत अहेरिया हैं। पहले दोनों छोटी-मोटी वारदातें करते थे। लेकिन जब पैसों की तंगी आई तो इन्होंने अपने गांव के तीन अन्य बदमाशों को गैंग में शामिल कर लिया। इसके बाद यह चलती ट्रेनों में वारदात को अंजाम देने लगे।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि ट्रेनों में चेन स्नेचिंग की वारदातों को लेकर लंबे समय से हम प्लानिंग कर रहे थे। कुछ मुखबिरों को एक्टिव किया तो पता चला कि उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले के मिर्जापुर गांव में रहने वाले कई बदमाश पहले भी ट्रेनों में चोरियों और स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। इसके बाद जीआरपी ने मिर्जापुर सहित आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ाई।

रोहितास-भारत का नाम सामने आया, तो पूरी गैंग पकड़ी

जीआरपी को शुरुआत में मिर्जापुर हाथरस के बदमाश रोहितास और भारत का नाम सामने आया। जब इनके बारे में पड़ताल की तो पता चला कि आजकल इन्होंने गांव के ही तीन और एक अन्य बदमाश को अपनी गैंग में शामिल कर लिया है। यह बदमाश चलती ट्रेनों में महिलाओं के गले से सोने की चेन खींचते हुए भाग जाते। जिसके बाद पुलिस ने उनके तीन अन्य साथियों को भी दबोच लिया।

कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी, तीन जख्मी, केस दर्ज

मुरैना, 28 नवंबर। जौरा थाना क्षेत्र में 27 नवंबर को कार क्रं. एमपी07-सीएफ-7110 के चालक ने एमएस रोड पर सांकरा फाटक के पास ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। हादसे में ई-रिक्शा में सवार सतीश आदिवासी 28 पुत्र मूलचंद्र आदिवासी निवासी सांकरा फाटक के पास जौरा और उसकी भाभी एवं भतीजी जख्मी हो गए थे। तीनों को जौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार के ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-281, 125ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

16 वर्षीय किशोर की मारपीट का मामला दर्ज

मुरैना, 28 नवंबर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विजय नगर मयूर टॉकीज के पास रहने वाले अभय गुर्जर 16 पुत्र योगेन्द्र सिंह गुर्जर की 27 नवंबर को मंडी गेट के पास करन कंषाना, करूआ और दो अज्ञात ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने अभय की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

बूथ पर अपने दायित्वों को जिम्मेदारी से निभाएं कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 28 नवंबर। वोटर लिस्ट एसआईआर को लेकर भाजपा के कैलारस एवं पहाड़गढ़ मंडलों की बैठक का आयोजन शुक्रवार को हुआ। कैलारस के पं.

एसआईआर को लेकर भाजपा के कैलारस-पहाड़गढ़ मंडलों की बैठक

दीनदयाल पार्क में हुई बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने की। संचालन केशव पाराशर एवं आभार प्रदर्शन दिलीप धाकड़ ने किया। एसआईआर के जिला प्रभारी अरविंद सिकरवार ने रूपरेखा प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि शैलेन्द्र बरूआ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। बीएलओ के साथ बीएलए-2 मिलकर वोटर लिस्ट एसआईआर में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ से मिलकर पूरी सूची का अध्ययन करें, जो पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित हो रहे है, उनसे संपर्क कर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने फॉर्म भरवाएं। बैठक में पूर्व विधायक सूबेदार रजौधा, डॉ. दीपक सिंह, प्रताप धाकड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारीलाल धाकड़, आशाराम कुशवाह, हेमंत धाकड़, रामराज सिकरवार, वीरेन्द्र बसेड़िया, सुरेश शर्मा, कोमल शुक्ला, राजू गुप्ता, मगनदीप गौड़, पूरन शिवहरे, महेन्द्र सिकरवार, कुंज सोनी, राहुल बंसल, दिलीप जगा आदि उपस्थित थे।

19 दिसंबर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

मुरैना, 28 नवंबर। सामान्य प्रशासन विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार जिले में घोषित स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में 29 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन राज्य शासन द्वारा गणेश चतुर्थी का सामान्य अवकाश घोषित किए जाने के कारण उक्त तिथि का स्थानीय अवकाश निरस्त कर 19 दिसंबर शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी पं. रामप्रसाद बिस्मिल के शहीद दिवस के अवसर पर मुरैना जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 30 नवंबर को

मुरैना, 28 नवंबर। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 30 नवंबर को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े सभी अधिकारी-पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

दीगर रूट पर चल रहे 30 ई-रिक्शा जब्त, 8 ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 नवंबर। शहर की सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ रहे ई-रिक्शों एवं नो-एंट्री में प्रवेश करने वाले ट्रेक्टर-

मुरैना में यातायात पुलिस तीन जगहों पर लगाए चैक पॉइंट

ट्रॉलियों के विरुद्ध यातायात पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई की।

यातायात प्रभारी निरीक्षक संतोष भदौरिया के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने शहर में संग्रहालय के सामने, ओव्हरब्रिज चौराहा और बैरियर चौराहा पर चैक पॉइंट लगाकर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना नंबर प्लेट अनाधिकृत रूप से संचालित हो रहे और दीगर रूटों पर दौड़ रहे 30 ई-रिक्शों को जब्त किया गया। जबकि नो-एन्ट्री के दौरान शहर में प्रवेश करने वाले 8 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा। ट्रेक्टर-ट्रॉलियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 7 हजार से अधिक राशि वसूली गई। वहीं जब्त किए गए ई-रिक्शों को यातायात पुलिस थाना परिसर में रखवाया गया है। इनके विरुद्ध भी चालानी कार्रवाई की जाएगी।

जौरा में मोबाइल कोर्ट वाहन चैकिंग, 45 हजार जुर्माना वसूला

न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन कौरव के निर्देशन में शुक्रवार को कस्बा जौरा में वाहनों की मोबाइल कोर्ट द्वारा चैकिंग की गई। एमएस रोड पर जौरा न्यायालय के सामने सुबह 11 बजे मोबाइल कोर्ट ने वाहनों की जांच करना शुरू किया। चैकिंग के दौरान चार पहिया, स्कूल वाहन, यात्री वाहनों सहित लोडिंग वाहनों में दस्तावेज, ड्राइविंग लाईसेंस, ओव्हरलोडिंग की जांच की गई। चैकिंग के दौरान सीट बेल्ट लगाए बिना और ओव्हरलोडिंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। मोबाइल कोर्ट ने वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माने के रूप में 45 हजार रूपये की राशि वसूल की। चैकिंग के दौरान तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाते हुए चलने वाले ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को पकड़कर पुलिस थाने में रखवाया गया। दोपहर 1 बजे तक न्यायालय के बाहर चैक पाइंट लगाने के बाद मोबाइल कोर्ट पगारा रोड पर पहुंच गया। यहां चैक पॉइंट लगाकर भारी वाहनों को चैक किया गया। इस दौरान ओव्हरलोडिंग करते हुए मिले वाहनों से जुर्माना भी वसूला गया। मोबाइल कोर्ट चैकिंग के दौरान एसडीओपी नितिन बघेल, नगर निरीक्षक दर्शन शुक्ला, एडीपीओ प्रवीण सिंह सिकरवार, लोकेन्द्र शर्मा सहित न्यायालयीन कर्मचारी और पुलिस के जवान मौजूद रहे।

कार्रवाई में यातायात प्रभारी निरीक्षक संतोष भदौरिया के साथ ट्रैफिक सूबेदार मलखान सिंह परमार, प्रधान आरक्षक मंगल सिंह राजावत, विष्णु सिंह गुर्जर, अमरेन्द्र सिंह, जयराम सिंह, योगेश भारती आदि शामिल थे।

इनका कहना है...

शहर में संग्रहालय के सामने, ओव्हरब्रिज और बैरियर चौराहे पर चैक पाइंट लगाए गए थे। दीगर रूट पर चल रहे 30 ई-रिक्शा जब्त किए है। नो-एन्ट्री में प्रवेश करने वाले 8 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों से 7 हजार रूपये से अधिक जुर्माना वसूला गया है।

संतोष भदौरिया
प्रभारी, ट्रैफिक पुलिस
मुरैना

नगर निगम में हुआ 22 करोड़ का भ्रष्टाचार, जांच कराई जाए

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 नवंबर। नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं एवं नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर शुक्रवार को शहर कांग्रेस

शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ननि के नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर से की शिकायत

जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विनीत कंषाना ने कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को बताया कि नगर निगम की वित्तीय शाखा में अब तक 22 करोड़ की राशि का भ्रष्टाचार किया जा चुका है। बिना निविदा विज्ञप्ति बुलाए युवा केन्द्र विकास के नाम पर 20 लाख रूपये का सामान खरीदा गया है।

कांग्रेस प्रतिनिधियों ने कलेक्टर श्री जांगिड़ से कहा कि राज्य शासन की ओर से शहर के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रूपये की राशि नगर निगम को दी जा रही है। लेकिन नगर निगम में इस राशि का बंदरबांट कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसकी वजह से नगर निगम क्षेत्र में समस्याएं जस की तस बनी हुई है, हालात बदत्तर होते जा रहे है। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने कलेक्टर श्री जांगिड़ से नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की मांग की है। कलेक्टर से मुलाकात करने वालों में पार्षद सोनू जौनवार, श्रीमती देवी केशवलाल वर्मा, चमेली बलवीर दौनेरिया, कलावती रमेश अर्गल, ममता राकेश गर्ग आदि शामिल थे।

एस आई आर में कोई पात्र नाम नहीं छूटे, अपात्र नाम को हटवाए तीनों मंडलों की बैठक ली : बरुआ

सबलगढ़। आज भारतीय जनता पार्टी सबलगढ़ विधानसभा के तीनों मंडल नगर ग्रामीण टेंटरा मंडल की एस आई आर को लेकर बैठक नगर के जगदंबा पेलेस में आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष शेलेंद्र बरुआ रहे विशिष्ट रूप से एस आई आर के जिला प्रभारी एवं भाजपा के जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार रहे बैठक का संचालन नगर महामन्त्री पवन सिंह राठौर ने किया कार्यक्रम संबोधित करते हुए बरुआ ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर सक्रिय रहकर गलत नामो को वोटर लिस्ट से हटवाये और पात्र नाम कोई भी छुटे नही यह ध्यान रखना है बैठक में शेलेंद्र बरुआ प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिकरवार जिला महामंत्री राजेंद्र मरैया मंडल अध्यक्ष अवधेश गोयल सोनेराम रावत जिला पंचायत सदस्य रामदयाल रावत एस ए आर को लेकर विधानसभा प्रभारी अखिलेश सिंह जादौन जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार वरिष्ठ नेता दर्शन सोनी अशोक पाराशर मातादीन सिंघल महामंत्री पवन सिंह राठौर पार्षद गढ़ मनोज प्रताप यादव मोहन पचौरी राकेश शिवहरे सुनील मिश्रा राजपाल जादौन भरत शर्मा फिरोज खान सौरभ सिकरवार प्रदीप वित्तल दुर्गेश रावत विकास कुलदीप पाठक पूरन व्यास सिया राठौर सहित अनेक मौजूद रहे.

रोटरी क्लब रॉयल्स ने स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर-कैप

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 नवंबर। सर्दी के मौसम में शहर के वार्ड-19 स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से शुक्रवार को गर्म ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने बच्चों को स्वेटर, कैप, इनर के साथ खानपान की वस्तुएं भी भेंट कीं। क्लब की ओर से विद्यालय में पढ़ने वाले एक सैकड़ा से अधिक बच्चों को वितरण किया गया।

क्लब के अध्यक्ष निखिल बंसल ने बताया गया कि क्लब की ओर से प्रतिवर्ष ऊनी वस्त्रों का वितरण ठंड के मौसम में किया जाता है। इस अवसर पर गौरव मित्तल, जयदीप यादव, पंकज गोयल, पवन गर्ग, अभिषेक गोयल, पारस जैन, विक्की बंसल, अंकित जैन, हिमांशु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

आम सूचना

श्रीमती किरन गुर्जर पत्नी श्री देव रिषि विदुदी एवं श्रीमती बिकेश गुर्जर पत्नी श्री श्याम सिंह विदुदी के स्वत्य व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम जौरी, तहसील एवं जिला मुरैना में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र .10 (चंद्रशेखर वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .378/13 ग्राम जौरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भवन मुन्ना सिंह, पश्चिम में रास्ता 20 फुट चौडा, उत्तर में भवन रामनरेश एवं दक्षिण में भूमि बालकिशन उपाध्याय है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामप्रकाश पुत्र श्री टीकाराम सिंह एवं श्री भीखा पुत्र श्री गयाजीत के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामप्रकाश द्वारा उक्त सम्पति का एक भाग सम्पति 1000 वर्गफुट एरिया श्री उदयभान सिंह एवं श्री निरंजन सिंह पुत्रगण श्री कमल सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 1475 दिनांक 11.11. 1998 से विक्रय की गई। श्री भीखा द्वारा उक्त सम्पति का दूसरा भाग सम्पति 600 वर्गफुट एरिया श्री उदयभान सिंह एवं श्री निरंजन सिंह पुत्रगण श्री कमल सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .2970 दिनांक 29.11. 1999 से विक्रय की गई। श्री उदयभान सिंह एवं श्री निरंजन सिंह द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती किरन गुर्जर पत्नी श्री देव रिषि विदुदी एवं श्रीमती विकेश गुर्जर पानी श्री श्याम सिंह विदुदी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क. एमपी 25792025ए1245887 दिनांक 30.03.2025 से विक्रय की गई। उक्त सम्पति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेखों दिनांक 11.11.1998 एवं 29.11.1999 की मूलप्रतियां गुम हो गई है। श्रीमती किरन गुर्जर एवं श्रीमती बिकेश गुर्जर द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेखों दिनांक 11.11. 1998 एवं 29.11.1999 की मूलप्रतियां प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्य स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

एक नजर में

1 दिसंबर को गीता जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

मुरैना, 28 नवंबर। 7 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के आयोजन निर्णय लिया गया था। बैठक में यह तय किया गया कि 01 दिसंबर को मप्र के सभी संभाग, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

पोरसा में युवक-सिहौनिया में महिला से मारपीट के केस दर्ज

मुरैना, 28 नवंबर। पोरसा एवं सिहौनिया थानों की पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दो मामले दर्ज किए है। पोरसा पुलिस ने जयदीप उर्फ छोटू तोमर 28 पुत्र जगदीश तोमर नि. मटियापुरा पोरसा की रिपोर्ट पर धीरज सोनी नि. पोरसा के विरुद्ध तथा सिहौनिया पुलिस ने महिला गायत्री देवी 25 पत्नी प्रदीप सखवार नि. खिल्ली थाना महुआ की रिपोर्ट पर महावीर, अंगद सखवार के विरुद्ध मारपीट किए जाने की एफआईआर दर्ज कर ली है।

315 बोर कट्टा, जिंदा राउण्ड के साथ बदमाश पकड़ा

मुरैना, 28 नवंबर। सिविल लाईन थाना पुलिस ने 27 नवंबर को ग्राम सुंदरपुर में बालाजी वेयरहाऊस के पास से नरोत्तम माहौर पुत्र नारायण माहौर नि. सुंदरपुर को पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 315 बोर कट्टा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

मृतक के परिजन को 15 हजार की सहायता स्वीकृत

मुरैना, 28 नवंबर। तहसीलदार पोरसा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सड़क दुर्घटना में मृत हुए बनवारीलाल पुत्र कन्हैयालाल प्रजापति निवासी तोरकुम्भ मौजा हिंगावली की पत्नी सुमेरिया प्रजापति को 15 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

जादू नहीं विज्ञान है प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्कूल मुरैना की टीम विजेता

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 नवंबर। जिलास्तरीय जादू नहीं विज्ञान है प्रतियोगिता का आयोजन 28 नवंबर को हुआ। यह प्रतियोगिता शासकीय मॉडल उमावि गणेशपुरा मुरैना में आयोजित हुई। जिसमें मुरैना, अंबाह, कैलारस और सबलगढ़ विकासखंडों की टीमों ने हिस्सा लिया।

सहायक जिला विज्ञान अधिकारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल हुई टीमों द्वारा नारियल में अपने आप आग लगना, थर्माकोल को गिलास में गायब करना, रंगीन पानी को सफेद करना, नींबू को काटने पर लाल रंग आना, कागज पर पैरों के निशान का रंग बदलने के विज्ञान को समझाया गया। प्रदर्शन में मुरैना ब्लॉक के अंतर्गत एक्सीलेंस स्कूल क्रं. 1 मुरैना की टीम विजेता रही। जिसमें बिट्टू राठौर, डौली तरेटिया, रितिका सोनी, तमन्ना कुशवाह शामिल थे। शासकीय मॉडल स्कूल मुरैना के अनुराग राजावत, उत्कृष्ट उमावि कैलारस की सौम्या धाकड़, मॉडल स्कूल कैलारस की नंदनी रजक, अंजलि सिकरवार दूसरे और शासकीय उमावि अंबाह से यश शर्मा, राजू शर्मा, नवीन मुदगल, सांदीपनि अंबाह एवं गोठ से मिथुन, सुशांक तोमर तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मौजूद जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा महेश मावई ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में व्याप्त अंधविश्वास की धारणाओं से बच्चों को दूर करने में सहायक होते है। इस अवसर पर बीबी शर्मा, रामभोग शर्मा, राधेश्याम शर्मा, तपेश्वर भारद्वाज, प्रमोद शर्मा, गोरेलाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

चलती ट्रेनों में चेन स्नेचिंग करने वाले गैंग के 6 सदस्य गिरफ्तार

जीआरपी मुरैना की कार्रवाई, 5 लाख कीमती जेवरात बरामद

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 नवंबर। चलती ट्रेनों में महिलाओं के गले से चेन स्नेचिंग कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग के 6 बदमाशों को मुरैना जीआरपी ने पकड़ा है। रेलवे पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 10 हजार रुपए कीमत के लूटे हुए गहने भी बरामद किए हैं। पकड़े गए सभी आरोपी यूपी के मिर्जापुर हाथरस के रहने वाले हैं।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि भोपाल-दिल्ली रूट पर चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेनों में लंबे समय से चेन स्नेचिंग की वारदातें हो रही थीं। इन वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए मुखबिर तंत्र बिछाया। मुखबिर की सूचना के बाद जीआरपी पुलिस ने विनोद 35 पुत्र रामपाल अहेरिया महरमई सलेमपुर मैनपुरी, रवि कुमार 32 पुत्र लाखन सिंह अहेरिया, राहुल 20 पुत्र बालकिशन अहेरिया, हीरालाल 37 पुत्र चंद्रपाल अहेरिया, रोहितास 34 पुत्र प्रकाश अहेरिया, भारत 23 पुत्र रमेशचंद्र अहेरिया सभी निवासीगण मिर्जापुर थाना हाथरस यूपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने दिल्ली-भोपाल रूट पर आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देने की बात कुबूली। जीआरपी ने आरोपियों की निशानदेही पर 5 लाख 10 हजार रुपए कीमत के सोने के गहने भी बरामद कर लिए हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।